# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–64 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 6 जून 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## यूपी के बरेली और बुलंदशहर में छूट, आठ जिलों में जारी रहेगा कोरोना कर्फ्यू

अवध की आवाज

लखनऊ। राज्य में ऐसे जिलों की संख्या अब 67 हो गई हैं जहां 600 से कम रोगी हैं इसलिए इन जिलों में कोरोना कर्फ्यू से ढील



दी गई है। शनिवार को एक सरकारी बयान में कहा गया कि रात्रिकालीन कर्फ्यू शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक लागू रहेगा लेकिन शनिवार व रविवार को कोरोना कर्फ्यू लागू होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को बरेली और बुलंदशहर जिलों में सोमवार सात जून से कोरोना कर्फ्यू से ढील दिए जाने की घोषणा की है। इन दो जिलों में कोविड–19 निषिद्ध क्षेत्रों को छोड़कर बाकी इलाकों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक दुकान और बाजार खोलने की अनुमति सप्ताह में पांच दिन रहेगी जबकि शनिवार व रविवार को पूरे दिन ये बंद रहेंगे। राज्य में ऐसे जिलों की संख्या अब 67 हो गई हैं जहां 600 से कम रोगी हैं इसलिए इन जिलों में कोरोना कर्फ्यू से ढील दी गई है। शनिवार को एक सरकारी बयान में कहा गया कि रात्रिकालीन कर्फ्यू शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक लागू रहेगा लेकिन शनिवार व रविवार को कोरोना कर्फ्यू लागू होगा। इस दौरान कोविड नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। बयान के मुताबिक प्रदेश के 67 जिलों में संक्रमण के मामलों की संख्या 600 से कम हो गई है। इससे पहले राज्य सरकार ने 75 जिलों में से 55 जिलों में कोरोना कर्फ्यू में ढील दी थी। बयान के मुताबिक कोरोना महामारी से प्रदेश को सुरक्षित रखने की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक पांच करोड़ 10 लाख 32 हजार 967 जांच की गईं।

## उप्र में मिले 1092 नए कोरोना केस, बुलंदशहर व बरेली सहित 67 जिलों को राहत

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में कोरोना के केस लगातार कम हो रहे हैं। यहां 24 घंटे में 1092 नए केस सामने आए हैं। वहीं, 4346 मरीज डिस्चार्ज होकर घर चले गए हैं। प्रदेश में सक्रिय केसों की कुल संख्या 19 हजार 438 है। वहीं, रिकवरी रेट 97.6 प्रतिशत दर्ज हुई है। यह जानकारी शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में वैक्सीनेशन दो से तीन गुना तक विस्तार देने की योजना है। इसके दृष्टिगत बड़ी संख्या में वैक्सीनेटर की आवश्यकता होगी। नर्सिंग कॉलेजों के प्रशिक्षु विद्यार्थियों को टीकाकरण के सम्बंध ा में प्रशिक्षित किया जाए। प्रशिक्षण की यह कार्यवाही अगले सप्ताह से



आदित्यनाथ को टीम–09 ने दी। मुख्यमंत्री योगी ने बुलंदशहर और बरेली जनपद में कुल एक्टिव केस की संख्या 600 से कम होने पर आंशिक कोरोना कर्फ्यू से राहत देने के निर्देश दिए हैं। इन जनपदों में भी आगामी सोमवार से सप्ताह में पांच दिन सुबह सात बजे से सायं सात बजे तक कोरोना कर्फ्यू से छूट दी जाएगी। इस तरह प्रदेश के 67 जिलों में कुल एक्टिव केस की संख्या 600 से कम हो गई है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी नागरिकों का यथाशीघ्र टीका–कवर देने के लिए संकल्पित है। सोमवार से महिलाओं के सुविधाजनक टीकाकरण के लिए पश्थक बूथ भी संचालित किए जाएंगे। इस सम्बंध में सभी प्रारम्भ कर दिया जाए। योगी ने कहा कि चिकित्सकों को केवल चिकित्सकीय कार्य में ही तैनात किया जाए। स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अलग–अलग अस्पतालोंध्कार्यालयों सहित जहां भी चिकित्सकों की तैनाती प्रशासनिकध्प्रबंधकीय कार्यों में की गई है, उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर चिकित्सकीय कार्यों में ही लगाया जाए। प्रबंधन के कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार एमबीए उपाधि ारक युवाओं को मौका दिया जाना चाहिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 24 घंटे में कुल 03 लाख 09 हजार 017 लाख टेस्ट हुए हैं। प्रदेश में अब पॉजिटिविटी रेट 0.3 प्रतिशत दर्ज हुई है।

## लखनऊ कमिश्नरेट क्राइम ब्रांच की टीम व पूर्वी पुलिस ने बरामद की 150 बाइकें

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट क्राइम ब्रांच व पूर्वी जोन की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच की टीम व पूर्वी पुलिस ने एक साथ कार्यवाही करते हुए मौके से 150 बाइके बरामद की है। आपको बता ते चले अमित अग्रवाल निवासी कसाई बाड़ा चौराहा निकट रघुवर भवन, सदर कैण्ट के पार्टनर कुलदीप शुक्ला, अमित अग्रवाल ने लखनऊ जनपद की बाइक बोट कम्पनी की फ्रेंचाइजी ले रखी थी। टीम अमित अग्रवाल व कुलदीप शुक्ला को अपने साथ ले गयी है। 73 बाइक सदर कैण्ट से शेष निगोहा और पीजीआई से बरामद किया गया, कुल 150 बाइके बरामद की गयी है। एडीसीपी कासिम आब्दी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सदर कैण्ट नीलम राणा व सदर चौकी इंचार्ज उमेश यादव क0 प्रभाकर, क0 अभिषेक क0 जाहिद अली क0 रिंकू ने अमित अग्रवाल निवासी कसाई बाड़ा चौराहा निकट रघुवर भवन, सदर कैण्ट के घर से 73 बाइके बरामद की गयी है। लखनऊ कमिश्नरेट की पूर्वी जोन की तेजतर्रार इस्पेक्टर नीलम राणा व सदर चौकी इंचार्ज उमेश यादव पूरी टीम के साथ क्षेत्र में हर वक्त सक्रिय दिख रहे है। अपराधि ायों पर नकेल कसने को तैयार कैण्ट पुलिस भागने वालों के लिए जमीन भी छोटी पड़ जाती है।

## लखनऊ विकासप्राधिकरण में आयोजित टीकाकरण शिविर में आज 216 लोगों का हुआ टीकाकरण

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन में आयोजित



कोविड संक्रमण से बचाव हेतु लगाये गये टीकाकरण शिविर में आज टीका शिविर में 18 से 44 आयु वर्ग में 164 टीके तथा 45 से अधिक आयु वाले लोगों 52 टीके लगाये गये। आज शिविर में कुल 216 लोगों का टीकाकरण किया गया।

## राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलीटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा दिनांक 13.06.2021 से 15.06.2021 के मध्य ही अनुमन्य

सीतापुर (सू0वि0)। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि आयुक्त, महोदय खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ के पत्र दिनांक 31.05.2021 के द्वारा प्रध ाानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम– 2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटो पर 05 किलोग्राम प्रति यूनिट खाद्यान्न (03 किलोग्राम गेहूँ व 02 किलोग्राम चावल) का निःशुल्क वितरण माह जून 2021 में 03 तारीख से 15 तारीख तक सम्पन्न होगा। राशन कार्ड धारकों को पोर्टेबिलीटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा दिनांक 13.06.2021 से 15.06.2021 के मध्य ही अनुमन्य रहेगी। मोबाइल वैरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की तिथि दिनांक 15.06.2021 रहेगी। उन्होंने जनपद के समस्त कार्ड धारकों को सूचित किया है कि वह माह जून 2021 में वितरण के प्रथम चक्र में दिनांक 03.06.2021 से 15.06.2021 के मध्यम सम्बंधित उचित दर की दुकानों से कोविड– 19 की गाइड लाइन्स का पालन करते हुए, सेनेटाईजरध्साबुनध्पानी से हाथ सेनेटाईजध्धोने व मास्कध्गमछा से मुँह व नाक पूर्णताः ढकनें के उपरान्त् ही ई–पॉस मशीन से अनिवार्य सामजिक दूरी (उचित दर दुकान पर दो उपभोक्ताओं के मध्य कम से कम 01 मीटर की दूरी पर बने गोले) बनाए रखते हुए, प्रध ाानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत उपरोक्ता नुसार निः शुल्क खाद्यान्न आध ाार आधारित वितरण व्यवस्था के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें।उन्होंने समस्त उचित दर विक्रेताओं, समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वह उक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

## एनटीपीसी विंध्याचल में पर्यावरण संरक्षण के लिए कलेक्टर के साथ–साथ एसपी ओर कार्यकारी निदेशक नें किया पौधरोपण

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। सिंगरौली विंध्यनगर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी , एनटीपीसी विंध्याचल मे विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार सिंह, एवं वन मण्डल अधिकारी मधु वी राज एवं कार्यकारी निदेशक विंध्याचल मुनीश जौहरी ने पर्यावरण संरक्षण एवं उसके संवर्धन की वचनबद्धता को दोहराते हुये एनटीपीसी विंध्याचल के प्रशासनिक भवन में पौधरोपण किया इस अवसर पर विंध्याचल के महाप्रबंधक प्रचालन एवं संरक्षण सोमेस बंधोपाध्य, महाप्रबंधक मानव संसाधन उत्तम लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी विंध्य चिकित्सालय बी. सी. चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन पीके बिस्वास, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन स्नेहाशीष भट्टाचार्य, अपर महाप्रबंधक नगर प्रशासन अतुल मारखेड़कर, अपर महाप्रबंधक ईएमजी मुनीश जैन एवं अपर महाप्रबंधक टीएसडी जे के सेनगुप्ता के साथ विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट सिंगरौली राजीव रंजन मीना सभी को अपनी शुभकामनाएँ दिए।

## पुलिस उपाधीक्षक विनीत सिंह पर इस्लाम कबूल कर धोखे से दूसरी शादी का आरोप

लखनऊ, (वेबवार्ता)। भारतीय पुलिस सेवा से जबरन सेवा निवृत हये अमिताभ ठाकुर तथा सामाजिक कार्यकर्ता उनकी पत्नी नूतन ठाकुर ने पूर्व में रायबरेली में तैनात रहे डिप्टी एसपी विनीत सिंह पर इस्लाम कबूल कर धोखा देकर दूसरी शादी करने सहित तमाम गंभीर आरोपों की जाँच की मांग की है। पुलिस महानिदेशक एच सी अवस्थी सहित अन्य अफसरों को इस संबंध में भेजी अपनी शिकायत में उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश से बाहर की एक महिला पत्रकार ने उन्हें बताया कि विनीत सिंह ने उनसे अपनी पहली पत्नी तथा बच्चों की बात छिपाते हुए लगभग 03 वर्ष पूर्व शादी की. वे कई स्थानों पर पति–पत्नी के रूप में रहे और उन्हें हाल में ही उनकी पहली शादी की जानकारी मिली. महिला पत्रकार के अनुसार विनीत सिंह ने मात्र शादी के लिए इस्लाम कबूल किया और निकाह किया. जब सब जानने के बाद महिला ने तलाक देने को कहा तो डिप्टी एसपी ने अपने रसूख का हवाला देते हुए साफ मना कर दिया.अमिताभ तथा नूतन ने कहा कि उक्त महिला पत्रकार ने उनसे न्याय की मदद मांगी है,। अतः उन्होंने डीजीपी से अविलंब इन तथ्यों की जाँच कराते हुए नियमानुसार यथोचित विधिक तथा प्रशासनिक कार्यवाही का अनुरोध किया है।

## जौनपुर जिला चिकित्सालय में राजकीय मेडिकल कालेज की ओपीडी शुरू

जौनपुर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज के ई एन टी सर्जन डॉक्टर संजीव पटेल ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी में बैठकर शनिवार को मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राजकीय मेडिकल कॉलेज में अगले अगस्त से एमबीबीएस के पहले बैच की कक्षाएं शुरू होंगी, इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने ओपीडी व प्रथम बैच के लिए भवन तैयार करने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिया है। उसके पहले पूर्वाभ्यास के लिहाज से मेडिकल कॉलेज में नियुक्त चिकित्सकों व प्रिंसिपल को जिला चिकित्सालय में बैठा कर ओपीडी शुरू कराने का भी निर्णय लिया गया था। इसी के तहत नियुक्त चिकित्सक को ज्वाइन करने के बाद जिला चिकित्सालय के ओपीडी के दूसरे तल पर बैठाया जा रहा है। यहां प्रिंसिपल समेत कुल 19 चिकित्सक नियुक्त हुए हैं।

## क्रिकेट खेल रहे दो भाइयों को दबंगों ने मारी गोली, तीनों मेडिकल कॉलेज रेफर

### पुत्रों को बचाने पहुंचा पिता भी मारपीट से घायल

हमीरपुर, (वेबवार्ता)। जरिया थाना क्षेत्र के इन्दरपुरा गांव में बाइक चोरी को लेकर हुए विवाद के चलते लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने शनिवार को गांव के बाहर क्रिकेट खेल रहे दो भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया। इस बीच गोलियों की आवाज सुनकर अपने पुत्रों को बचाने पहुंचे पिता को भी मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद सभी घायलों को राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों की नाजुक हालत को देखकर उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया।

जरिया क्षेत्र के इन्दरपुरा गांव के निवासी जीतेन्द्र 22 व प्रवेश 20 पुत्र करन जो कि, गांव के बाहर क्रिकेट खेल रहे थे। तभी इसी दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंग वहां पहुंचे और बाइक चोरी को लेकर विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर दबंगों ने मारपीट कर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे प्रवेश व जीतेन्द्र को गोली लग गई।

इस दौरान उसका पिता करन पुत्र परशुराम 55 अपने पुत्रों को बचाने के लिए पहुंचा तो दबंगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद सभी घायलों को इलाज हेतु राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार कर उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

वहीं पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जरिया एसओ राजेश वर्मा ने शनिवार को बताया कि कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## कोरोना वैक्सीन निजी अस्पतालों को बेचने पर मायावती ने कांग्रेस और पंजाब सरकार को घेरा

लखऊ, (वेबवार्ता)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने पंजाब सरकार के निजी अस्पतालों को कोरोना वैक्सीन बेचने पर कांग्रेस और पंजाब सरकार की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया।

बसपा अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर कांग्रेस का जो स्टैंड और बयानबाजी है उसमें गंभीरता कम और नाटकबाजी ज्यादा है। कांग्रेस नेता लगातार वैक्सीन की कमी का रोना रोते हैं और उसके मिलने पर आपदा को एक अवसर की तरह इस्तेमाल करते हैं। सुश्री मायावती ने शनिवार को ट्वीट में कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीन को केन्द्र से 400 रूपये में खरीद कर उसे सरकारी अस्पताल के जरिये जनता को राहत देने के बजाय उसे प्राइवेट अस्पतालों को 1060 रूपये में बेच कर आपदा में भी मुनाफा कमाने का निंदनीय और घृणित काम किया है। यह अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की इस गलती मीडिया द्वारा पर्दाफाश करने के बाद स्पष्ट है कि कोरोना वैक्सीन को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से नाटकबाजी कर रही है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि बसपा यह मांग करती है कि केन्द्र सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई करे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्ष लगाकर मनाया मुख्यमंत्री जी का जन्मदिवस

विष्णु गुप्ता

रेनुकूट सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस पर रेणुकूट मंडल अध्यक्ष प्रभाकर गिरी के नेतृत्व में उप मंडल अधिकारी वन विभाग मनमोहन मिश्रा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुर्धवां खांडपाथर व पिपरी में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया और साथ ही साथ सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जनजाति मोर्चा दीपक गौड़ ने कहा कि करोना काल में जिस प्रकार हम ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए परेशान हुए यह संदेश देता है कि पर्यावरण में ऑक्सीजन लेवल बढ़ाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। वहीं क्षेत्रीय संयोजक भाजपा आईटी विभाग राज वर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष



शारदा खरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिस प्रकार कोरोना काल को बेहतरीन प्रबंधन के द्वारा नियंत्रण में किया गया वह प्रशंसनीय एवं अतुलनीय है। अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणादाई है। इस अवसर पर हम मुख्यमंत्री जी के दीर्घायु होने की कामना करते हैं। इस अवसर पर महामंत्री प्रदीप सिंह रानू, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शुक्ला, राम भगत यादव, प्रेम शंकर रावत, अभय सिंह, राजेश चौधरी, आशीष मिश्रा, सतवंत पटेल, आशुतोष पांडे, सारनाथ मौर्या, उदय नाथ मौर्या, सुरेश गुप्ता व अन्य भाजपा जन उपस्थित रहे।

## बदलते मौसम में डेंगू–मलेरिया से बचाव को लेकर रहें सतर्क

लखनऊ। बदलते मौसम के कारण जगह–जगह जल जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा बढ़ गया है । ऐसे में घर के आस–पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान यथा घरों के आस–पास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु–पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। यह बातें जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) डी. एन. शुक्ला ने कहीं ।

डीएमओ ने जनसमुदाय से अपील की है कि मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएँ। सभी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर जांच एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है । इसलिए स्वयं से कोई दवा लेकर न सेवन करें।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया – मादा मच्छर स्थिर पानी में अंडे देती है, इसलिए वर्षा के दिनों में जगह–जगह पानी भरने के कारण मच्छरों की संख्या बढ जाती है। इससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ जाती है। इसीलिए मलेरिया रोधी माह जून के दौरान स्वास्थ्य विभाग व फेमिली हेल्थ इण्डिया की एम्बेड टीम के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा नगरीय क्षत्रों में चयनित 100 संवेदनशील बस्तियों में कोविड–19 महामारी के साथ मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक प्रचार – प्रसार एवं मच्छर पनपने वाली चीजों जैसे टूटे गमले, टायर,कंटेनर, टंकी व अन्य अनुपयोगी चीजों आदि को हटाने की कार्यवाही कोरोना से बचाव के प्रोटोकॉल के पालन के साथ कराई जा रही है ।

फेमिली हेल्थ इण्डिया द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति के समन्वय से संचालित एम्बेड परियोजना के समन्वयक धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि डेंगू , मलेरिया से सुरक्षा व सावधानियों के प्रसार पर जोर दिया जा रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत एक ओर जहां बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन फेसिलिटेटर (बी0सी0सी0एफ0) द्वारा अतिसंवेदनशील बस्तियो में घर–घर भ्रमण कर मच्छर व डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने, जल भराव को रोकने, पानी के बर्तन, कूलर, टंकी, ड्रम आदि को साप्ताहिक रूप से साफ करने, घरों से टायर, टूटे, खिलौने/ कबाड़ हटाने तथा सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर आशा एवं ए0एन0एम0 को ई–माड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित कर आम जन के व्यवहार परिवर्तन कराने की दिशा में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं ।

# उन्नाव जिला अस्पताल में लगाई जा रही कोविड-19 दूसरी वैक्सीन।

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। लगातार उत्तर प्रदेश में कोविड–19 मरीजों की संख्या कम होती जा रही है। जिस प्रकार से नियम व शक्ति के साथ पालन करा रही है उत्तर प्रदेश सरकार उससे लग रहा है कोविड–19 से जंग जीत लेंगे। लगातार उन्नाव में कोविड–19 वैक्सीन का लगाने का कार्यक्रम जारी है और स्वास्थ्य केंद्र में कैंप लगाकर जनपद प्रशासनिक अधिकारी ने कोविड–19 के लिए हर संभव प्रयास कर वैक्सीनेशन का काम जारी किया है। जब लोगों से पत्रकार ने बात किया तो कोविड–19 वैक्सीनेशन के लिए आए लोगों ने कहा कि वैक्सीन लगवाने से किसी प्रकार की कोई नुकसान नहीं शरीर में हल्का फुल्का बुखार आता है जो कि दवाइयों के द्वारा ठीक हो जाता है।



# ग्राम विकास अधिकारी सुनील पंकज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर किया गया वृक्षारोपण

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड निघासन की कई ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण सम्पन्न किया गया। वही आज ग्राम पंचायत लालपुर में ग्राम विकास अधिकारी सुनील पंकज व ग्राम रोजगार सेवक सुरजीत कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव द्वारा वृक्षारोपण किया गया।साथ ही चल रही इस महामारी के दौर में जहां एक तरफ ऑक्सीजन की एकदम से दिक्कतें आ गई थी।काफी दिनों तक इन वृक्षों को महत्त्व ना दिया जा रहा है। पेड़ लगाने वाले कम काटने वाले ज्यादा लोग मिल रहे हैं। जिसके चलते आज हमारे देश में पर्यावरण काफी दूषित हो चुका है। और ऑक्सीजन की कॉफी दिक्कतें आने लगी है उसी को मानकर आज कई ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया गया है। और उनको पूरी तरह जीवित रखने का संकल्प भी लिया गया जिससे हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकें इस दौरान मौजूद रहे ग्राम रोजगार सेवक सुरजीत



दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिससे हम लोगो को ये पता चला कि पड़े हमारे जीवन मे कितने महत्वपूर्ण है। और हमारे देश में प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव, संभ्रांत लोग व समस्त ग्राम पंचायत सदस्य को भी वृक्षारोपण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रातः चाय और बिस्कुट, सैनिटाइजर, मास्क आदि वितरण



अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रातः काल हृदय रोग संस्थान, जच्चा बच्चा अस्पताल व कोका कोला चौराहे पर चाय और बिस्कुट , दोपहर में द्वारिकापुरी बाजार में बच्चों को लूडो , मास्क व वयस्कों को सैनिटाइजर, मास्क व कोरोना से बचाव हेतु दवाइयां इसके पश्चात माल रोड चौराहे पर में गरम पानी व काढ़ा वितरण। आज भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं यशस्वी लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर द्वारा जिलाध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में प्रातः काल हृदय रोग संस्थान, जच्चा बच्चा अस्पताल व कोका कोला चौराहे पर चाय और बिस्कुट का वितरण किया गया , दोपहर में जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में द्वारिकापुरी बाजार में बच्चों को लूडो , मास्क व वयस्कों को सैनिटाइजर, मास्क व कोरोना से बचाव हेतु दवाइयां वितरित की गई इसके पश्चात माल रोड चौराहे पर आम जनमानस में गरम पानी व काढ़ा वितरण किया गया तत्पश्चात भाजपा कानपुर उत्तर द्वारा सेवा ही संगठन को सर्वोपरि मानते हुए लॉकडाउन के दौरान लगातार की जा रही सेवा के क्रम में एक्सप्रेस रोड पर जरूरतमंदों को लंच पैकेट भी वितरित किए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनमानस की पार्टी है जरूरतमंदों के लिए इस संकट की घड़ी में सदैव साथ खड़ी है और आज माननीय मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन पर हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा कई जगहों पर हर्षोल्लास ना मना कर विशेष प्रकार का आयोजन करके लोगों को जरूरत की वस्तुओं का वितरण जारी रहा। इन सभी कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष सुनील बजाज वीरेश त्रिपाठी संतोष शुक्ला जितेंद्र शर्मा अनूप अवस्थी रिषी गुप्ता प्रमोद विश्वकर्मा सुनील साहू गौरव पांडे अर्पित गुप्ता गोलू बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# टीकाकरण के लिए दो महिला स्पेशल बूथ बनाये जायेंगे

## सात जून से इन दोनों बूथ पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग की 100–100 महिलाओं को लगेंगे टीके

अवध की आवाज ब्यूरो

रायबरेली। जनपद में महिलाओं की सहूलियत और कोविड –19 टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के आदेश पर महिलाओं के लिए अलग से दो विशेष बूथ बनाये जा रहे हैं। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया – एक बूथ जिला महिला अस्पताल में और एक बूथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में बनाया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया – दोनों बूथों को बनाने की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। हर बूथ पर प्रतिदिन 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग की 100 महिलाओं को वैक्सीन लगायी जाएगी। इन दोनों बूथों पर सात जून से टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिले में युवाओं के टीकाकरण के लिए एक सेंटर बनाया गया है। इसके साथ ही 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के अभिभावकों व अन्य विशेष वर्गों के लिए भी स्पेशल बूथ बनाये गए हैं।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया– कोरोना से बचाव में वैक्सीन कारगर उपाय है। अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगवानी चाहिए ताकि इस बीमारी को हराने में हम कामयाब रहें। वैक्सीन लगने के बाद अगर कोरोना हो भी जाता है तो यह बहुत गंभीर नहीं होगा। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि टीका लगवाने के बाद भी कोरोना से बचाव के प्रोटोकाल जैसे "मास्क लगाना, दूसरों से दो गज की सामाजिक दूरी बनाए रखना और बार बार साबुन और पानी से हाथ धोना या 70 फीसद एल्कोहल युक्त सेनिटाइजर से हाथ सेनिटाइज" करना जरूरी है।



बांगरमऊ उन्नाव। दो शातिर चोर गिरफ्तार, अवैध तमन्चा व चोरी के जेवरात सहित अन्य माल बरामद। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन व श्रीमान अपबाँगरम अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा दो शातिर चोरों को चोरी के जेवरात, मोबाइल फोन, विभिन्न प्रकार की चाभियों व अवैध तमंचा बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

# हमीरपुर में प्रेमिका की शादी से क्षुब्ध प्रेमी ने लगाई फांसी

## राजस्थान से घर लौटते समय रास्ते में बस से उतरकर की खुदकुशी

## परिजनों और राजस्थान में अपने दोस्तों को आत्महत्या करने की भेजी थी सेल्फी

हमीरपुर, (वेबवार्ता)। जिले में शादी के बाद प्रेमिका की विदाई होते ही प्रेमी ने बीच रास्ते बस से उतरकर खेत में बबूल के पेड़ पर फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले उसने फांसी का फंदा गले में डालने की सेल्फी लेकर इसे परिजनों और दोस्तों को भेजा था। शनिवार को पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

ललपुरा थाने के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने शनिवार को सुबह बताया कि राठ कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद प्रजापति (19) पुत्र राकेश प्रजापति राजस्थान के अलवर में एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। इसकी सगी बुआ की ननद महोबा में रहती है। जहां रिश्तेदारी में एक लड़की से ये प्रेम करता था। दोनों के परिजन इस मेलजोल को पसंद नहीं कर रहे थे। शुक्रवार को प्रेमिका की शादी होने के बाद विदाई की जानकारी प्रेमी को हुई तो वह बीच रास्ते में बस से उतरकर खेत जाकर फांसी लगा ली।

बताया कि मृतक के पिता राकेश प्रजापति और रिश्तेदार मोबाइल फोन पर मेसेज को लेकर परेशान थे। इधर–उधर उसकी खोजबीन भी करते रहे लेकिन पता नहीं चल सका। रात में पुलिस तलाश करते मौके पर पहुंच गई तो पेड़ पर फांसी के फंदे पर ये लटका मिला। मृतक की जेब में पड़े मोबाइल फोन के जरिये परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराते हुए पुलिस अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी व वन विभाग सहित अन्य अधिकारियों ने किया वृक्षारोपण कर दिया संदेश:

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने ग्राम ओरहर विकास खण्ड बिछिया में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर 200 वृक्ष लगाकर शुभारम्भ किया गया। साथ ही इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है, अर्थवेद में भी कहा गया है कि ''प्रकृतिः रक्षति रक्षिता...'' अर्थात पर इसका संरक्षण करें, अधिक से अधिक पेड़, पौधें लगाये, साथ ही आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण की महत्ता से अवगत कराये, वास्तव में पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को मिलकर कदम बढ़ाना होगा, नही तो वसुन्धरा कही जाने वाली पृथ्वी एक दिन बन्जर होकर रह जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण हमारे लिए सबसे बढ़ा






प्रकृति से सुरक्षा पाते रहने के लिए उसका संरक्षण करना जरूरी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे सजोकर रखे और ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाकर इस धरा को हरा भरा बनाये। वृक्षारोपण करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव और पर्यावरण का अत्यन्त गहरा सम्बन्ध है, ''तेन त्यक्तेन भुंजीथाः'' के भाव से प्रकृति का लगातार शोषण होता रहा है, इसी लिए जरूरी है कि हम व्यापक स्तर उपहार है, पेड़ पौधों को लगातार काटे जाने से वातावरण जहरीला होता जा रहा है, इसका दुष्परिणाम धरती पर जीवित प्रत्येक प्राणी के ऊपर पड रहा है। इस लिए जरूरी है कि हम पर्यावरण के प्रति सजग बने। इस मौके पर अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर वनाधिकारी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद के विकास भवन व विभिन्न तहसीलों, विभागीय कार्यालयों, विभिन्न ब्लाकों पर वृक्षारोपण किया गया।

# पर्यावरण हम सब की जान, एक बृक्ष सौ पुत्र समान

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली–सीतापुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष आदरणीय बीपी बाजपेई, एवं मनीष पांडे ,उपेंद्र त्रिपाठी ,शिवम् मिश्र राम मोहन शुक्ल, अनूप मिश्र, धर्मेंद्र सिंह चौहान ,के साथ क्षेत्राधिकारी,सी ओ सिधौली आदरणीय राज कुमार साव जी के संरक्षण में रेवरी गोशाला में बृक्षारोपण कार्य संपन्न हुआ।



# रेहड़ी पटरी असंगठित कामगार श्रमिक के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा श्रमिक कार्ड के अंतर्गत रु1000 की सहायता राशि देने की घोषणा



अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कोरोना के चलते पिछले लॉकडाउन से लेकर इस बार भी श्रमिक भाइयों को रोजगार व आर्थिक स्थिति को लेकर अत्यंत समस्या का सामना करना पड़ा है इसी को देखते हुए आज भाजपा कानपुर महानगर उत्तर का एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में एडीएम वित्त महोदय कानपुर नगर से एक भेंट की।

आज इस भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ए डी एम महोदय के सामने यह बात रखी की रेहड़ी पटरी आदि असंगठित कामगार श्रमिक भाइयों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा श्रमिक कार्ड के अंतर्गत रु1000 की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है जिसमें ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को इसका लाभ मिले। यह कहा गया कि इस संकट काल के दौरान प्रत्येक जरूरतमंद श्रमिक इस योजना का लाभार्थी बन सके जिससे इनका आर्थिक संकट दूर होने में कुछ मदद मिले इसलिए जल्द से जल्द श्रमिकों से संबंधित डाटा को पूर्ण कर लिया जाए जिससे सरकार द्वारा दी जा रही मदद इन्हें सही समय पर प्राप्त हो सके।

एडीएम वित्तध्राजस्व ने कहा कि हमारे द्वारा जल्द से जल्द डाटा को पूर्ण कर लिया जाएगा और सरकार को प्रेषित कर दिया जाएगा उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारे अधिकारियों द्वारा ज्यादा से ज्यादा सटीक डाटा एकत्रित करके शासन को भेजा जाएगा और सरकार द्वारा दी जा रही है मदद से कोई भी जरूरतमंद वंचित ना रहे इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

एडीएम वित्तध्राजस्व ने तत्काल अपन अगर आयुक्त अरविंद राय से बात की और सभी डाटा को जल्दी से जल्दी पूर्ण करने के लिए कहा।

जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने बताया कि जल्द ही भाजपा का प्रतिनिधिमंडल अपर नगर आयुक्त से भेंट करेगा जिसमें जल्द से जल्द असंगठित श्रमिकों का डाटा पूर्ण कर लिया जाए ऐसा आग्रह किया जाएगा व भाजपा द्वारा एक बैठक करके जिले के पदाधिकारी से लेकर मंडल के पदाधिकारी तक को अपने–अपने वार्डों में श्रमिकों को लाभ दिलाने मे सहायता करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री संतोष शुक्ला जितेंद्र शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी रिषी गुप्ता रहे।

# प्रशासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध होना होगा लामबंद

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा। किसान विरोधी पारित अध्यादेशों के विरुद्ध संपूर्ण क्रांति दिवस पर शनिवार पांच जून को संयुक्त मोर्चे द्वारा प्रतियां जलाकर विरोध किया गया। जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा किसान आंदोलन को कुचलने के लिए दमन कारी रवैय्या अपनाया जा रहा है। किसान आंदोलन से जुड़े किसान नेताओं को घरों पर बंधक बनाकर आंदोलन कुचला नहीं जा सकता?यह बात ऋचा सिंह ने गल्ला मंडी में प्रशासन द्वारा अध्यादेश की प्रतियां न जलाने पर लगाई गई रोक पर कही। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि किसानों के साथ हो रहा दुर्व्यौहार और ज्वलंत मुद्दों पर विरोध प्रदर्शनों पर अवैध रोक शासन और प्रशासन की तानाशाही है जो ज्यादा दिन नहीं चलेगी। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा आजादी के बाद अबतक बहुत सी सरकारें आई और चली गई,परंतु अपने हकों के लिए जनता जनार्दन को इस तरह की बंदिशों से कभी जूझना नहीं पड़ा! कांग्रेस शासन में लागू हुए आपात को भी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पीछे छोड़ दिया है!भारतीय किसान मंच प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि सभी किसान संगठनों को एकजुट होकर किसान विरोधी नीतियों का विरोध करना होगा!किसी भी कार्यक्रम की रूपरेखा किसान नेताओं को प्रशासन से तब तक छुपानी होगी जब तक वह क्रियान्वित न हो जाए! प्रशासन तक सूचना के कारण से जिम्मेदार साथियों को घरों पर बंधक बनाकर आंदोलन को विफल करने की शाजिस से बचना होगा। सिख्ख संगठन जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने भा०कि०मंच के जिला अध्यक्ष द्वारा सहयोगी साथियों के,साथ बिसवां (रुकनापुर) में अध्यादेशों की प्रतियां जलाकर विरोध के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे शासन और प्रशासन भी विफल हो जाता है!हम सभी को इससे सीख लेनी होगी! सीतापुर गल्लामंडी में सचेन्द्र दिक्षित, जितेन्द्र मिश्रा, शादान,सलीम,विट्टो मौर्य, मिहीलाल, गोपाल सिंह व बिसवां में परविंदर सिंह, डाक्टर इस्लामुद्दीन अंसारी,राजू खान,मासूम अली, नीरज यादव,मेराज सिद्दीकी नदीम खान, शिवपूजन यादव,खलीक खान,तैय्यब खान,दीपू वर्मा,सुबोध यादव,राजेश कुमार वर्मा, कमरुद्दीन,व केशन आदि किसान भाई उपस्थित थे।





# सम्पादकीय

## अनाज और सब्जियों से शरीर में जा रहा धीमा जहर।

–विजय कुमार जैन–

देश में अनाज और सब्जियों की खेती में कीटनाशक रसायनों का जोरशोर से उपयोग करने से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा हो गया है। रासायनिक खाद का उपयोग अधिक पैदावार लेने किया जा रहा है। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के कृषकों द्वारा खेती में उपयोग करने से आम जनता के जीवन को खतरा पैदा हो गया है।

समस्त कीटनाशक जैविक जहर हैं। विभिन्न प्रकार के जहर अलग अलग तरह से प्रभावी होते हैं। सभी जहर जीव कोशिकाओं में सतत चल रही रासायनिक जीवन प्रक्रिया को बाधित कर देते हैं। ऐसे कीटनाशकों के प्रयोग से रक्त कैंसर, ब्रेन कैंसर और साफ्ट टिश्यू सरकोमा नामक कैंसर होने की दर अधिक होती है। मानव शरीर में रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति क्षीण होने से भी कैंसर की संभावना बढ़ जाती है। विभिन्न प्रकार के रासायनिक जहर होते हैं। मानव शरीर पर इनका कुप्रभाव पड़ता है। इनसे कैंसर भी हो सकता है।

यह साक्ष्य कीटनाशकों के व्यापक प्रयोग पर धीरे धीरे सामने आये है। कीटनाशकों के व्यापक प्रयोग से अमेरिका में पक्षी विलुप्त हो गये। पक्षियों का कलरव बंद हो गया। इसी को आधारित कर ष्रेचल कारसनष् ने सन 1962 में ष्साइलेंट स्प्रिंगष् पुस्तक लिखी जो क्रांतिकारी सिद्ध हुई। पहलीबार कीटनाशकों के घातक प्रभाव उजागर हुए और मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से उठाया। जिसके कारण जनसाधारण भी उद्वेलित हुआ और सरकार जागी। विश्व भर में प्रतिक्रिया हुई।

कृषि विभाग द्वारा हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश के विभिन्न क्षेत्रों में फल, सब्जियों, अण्डों और दूध में कीटनाशकों की उपस्थिति के अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि इन सभी में इनकी न्यूनतम स्वीकृत मात्रा से काफी अधिक मात्रा पाई गई है। हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों से एकत्र किये गये खाद्यान्न के नमूनों का अध्ययन देश के 20 प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं में किया गया। अधिकांश नमूनों में डी.डी.टी., लिण्डेन और मोनोक्रोटोफास जैसे खतरनाक और प्रतिबंधित नीटनाशकों के अंश इनकी न्यूनतम स्वीकृत मात्रा से अधिक मात्रा में पाये गये हैं।

इलाहाबाद से लिये गये टमाटर के नमूनों में डी.डी.टी. की मात्रा न्यूनतम से 108 गुनी अधिक पाई गई, यहीं से लिये गये बेंगन भटे के नमूने में प्रतिबंधित कीटनाशक हेप्टाक्लोर की मात्रा न्यूनतम स्वीकृत मात्रा से 10 गुनी अधिक पाई गई है, उल्लेखनीय है हेप्टाक्लोर लीवर और तंत्रिका तंत्र को नष्ट करता है। गोरखपुर से लिये सेव के नमूने में क्लोरडेन नामक कीटनाशक जो कि लीवर, फेफड़ा, किडनी, आँख और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुँचाता है। अहमदाबाद से एकत्र दूध के प्रसिद्ध ब्रांड अमूल में क्लोरपायरीफास नामक कीटनाशक के अंश पाये गये है।यह कीटनाशक कैंसरजन्य और संवेदीतंत्र को नुकसान पहुँचाता है।

मुंबई से लिये गये पोल्ट्री उत्पाद के नमूने में घातक इण्डोसल्फान के अंश न्यूनतम स्वीकृत मात्रा से 23 गुनी अधिक मात्रा में मिले हैं। अमृतसर से लिए गए फूलगोभी के नमूने में क्लोरणयरीफास की उपस्थिति दर्ज हुई है। असम के चाय बागान से लिए गए चाय के नमूनों में जहरीले फेनप्रोपथ्रिन के अंश पाए गये, जबकि यह चाय के लिए प्रतिबंधित कीटनाशक है। गेहूं और चावल के नमूनों में ऐल्ड्रिन और क्लोरफेनविनफास नामक कीटनाशकों के अंश पाए गए है ये दोनों कीटनाशक कैंसर कारक हैं। इस तरह स्पष्ट है कि कीटनाशकों के जहरीले अणु हमारे वातावरण में कण–कण में व्याप्त हो गये है। अन्न,जल, फल,दूध और भूमिगत जल सबमें कीटनाशकों के जहरीले अणु मिल चुके है और वे धीरे धीरे हमारी मानवता को मौत की ओर ले जा रहे है। ये कीटनाशक हमारे अस्तित्व को खतरा बन गये है। कण–कण में इन कीटनाशकों की व्याप्ति का कारण है आधुनिक कृषि और जीवनशैली। कृषि और बागवानी में इनके अनियोजित और अंधाधुंध प्रयोग से कैंसर, किडनीरोग, अवसाद और एलर्जी जैसे रोगों को बढ़ाया है। साथ ही ये कीटनाशक जैव विविधता को खतरा साबित हो रहे हैं। आधुनिक खेती की राह में हमने फसलों की कीटों से रक्षा के लिये डी.डी.टी.,ऐल्ड्रिन, मेलाथियान एवम्लिण्डेन जैसे खतरनाक कीटनाशकों का उपयोग किया इनसे फसलों के कीट तो मर गये साथ ही पक्षी, तितलियाँ फसल और मिट्टी के रक्षक कई अन्य जीव भी नष्ट हो गए तथा इनके अंश अन्न, जल और हम मनुष्यों में आ गये।राघौगढ़ निवासी कृषि विशेषज्ञ आर. बी. एस. परिहार का कहना है खेती एवं बागवानी में कीटनाशकों के मनमाने उपयोग से मानव शरीर में बढ़ रही गंभीर जानलेवा बीमारियों से बचने जैविक खेती का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इंदौर निवासी सुप्रसिद्ध समाज सेवी सरदार मल जैन का कहना है देश के विभिन्न हिस्सों में फल एवं सब्जी उत्पादन में गंदे नालों के दूषित पानी से सिचाई की जाती है। इंदौर महानगर में खान नदी बहती है इस नदी का पानी गंदा एवं दूषित है। फल एवं सब्जी उत्पादन में खान नदी के पानी से अनेक स्थानों पर सिचाई की जा रही है। कीटनाशक विक्रेताओं और कृषि विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वो किसानों को कीटनाशकों के उचित उपयोग के विषय में शिक्षित करें परन्तु प्रशासनिक लापरवाही के चलते न तो कीटनाशक विक्रेता यह कार्य कर रहे हैं और न ही किसान कल्याण विभाग के कर्ताधर्ता। इससे प्रतीत होता है कि आज कीटनाशक बिल्कुल निर्वाध हमारी प्रकृति को मौत की नींद में ले जाने की तैयारी में लीन है। अगर हम मानवता के प्रति तनिक भी जिम्मेदार हैं तो इनसे बचने के उपायों पर मनन करें। पिछले वर्ष से कोरोना महामारी के वचाव हेतु अपील की जा रही है हम जो सब्जी खरीदते हैं उसका उपयोग करने से पहले साफ पानी से धोना चाहिए, मगर हम सब्जी को खरीदने के बाद जिम्मेदारी से पानी से नहीं धो रहे हैं।

नोट–लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है।

# भाजपा राज में दलितों–हाशियाकृत समुदायों का सामाजिक–आर्थिक दर्जा

–राम पुनियानी–

अहमदाबाद के नजदीक एक गाँव में एक दलित युवक ने मूंछें रख लीं. उसकी जम कर पिटाई की गई और उसकी मूंछें साफ कर दी गई. कर्नाटक के चिकमंगलूर जिले के गोनी बीडू पुलिस थाना क्षेत्र में एक दलित युवक को गाँववालों की शिकायत पर हिरासत में लिया गया. हवालात में उसे पीटा तो गया ही, जब उसने पीने का पानी माँगा तो पुलिसवालों ने हवालात में बंद एक अन्य व्यक्ति से उसके मुंह में पेशाब करने को कहा. मध्यप्रदेश में एक दलित मजदूर ने पेड़ काटने से इंकार करने पर उसके बच्चों के सामने उसकी पत्नी, जिसे पांच माह का गर्भ था, के साथ बलात्कार किया गयां

ये तीनों घटनाएं हाल की हैं और देश भर में दलितों और अन्य हाशियाकृत समुदायों के शोषण और दमन की घटनाओं की बानगी भर हैं मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से इस तरह की घटनाओं में इजाफा हुआ है. सामान्यतः यह माना जाता है कि भाजपा हिन्दुओं के हितार्थ काम करने वाली पार्टी है और इसलिए मुसलमान और ईसाई उसके निशाने पर रहते हैं। परन्तु ऐसा है नहीं. दरअसल, महिलाओं, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को भी संघ परिवार की ब्राह्मणवादी नीतियों के गंभीर कुपरिणाम भोगने पड़ रहे है।

ऐसे में बी.आर. अम्बेडकर के ये शब्द हमें याद आना स्वाभाविक है: ष्अगर हिंदू राज सचमुच एक वास्तविकता बन जाता है तो इसमें संदेह नहीं कि यह देश के लिए भयानक विपत्ति होगी...हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए.ष् भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने की बाद से अम्बेडकर की यह भविष्यवाणी सच होती दिख रही है। दलितों पर बढ़ते अत्याचार उनकी सामाजिक स्थिति में आ रही गिरावट का कारण और परिणाम दोनों हैं। इसके समानांतर, दलित व अन्य वंचित वर्ग आर्थिक दृष्टि से भी कमजोर हो रहे हैं।

कई रपटों से यह साफ है कि मुसलमानों के साथ–साथ दलितों और महिलाओं पर भी अत्याचार बढ़ रहे हैं। यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससीआईआरएफ) द्वारा प्रायोजित ष्कांस्टीट्यूशनल एंड लीगल चौलेंजेज फेस्ड बाई रिलीजियस माइनॉरिटीज इन इंडियाष् शीर्षक रपट में कहा गया है कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों और दलितों के साथ भेदभाव होता है और उन्हें प्रताड़ित किया जाता है. उनके विरुद्ध नफरत–जनित अपराधों, उनके सामाजिक बहिष्करण और जबरदस्ती धर्मपरिवर्तन की घटनाओं में 2014 के बाद से तेजी से वृद्धि हुई है।

दलितों और अन्य हाशियाकृत समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में भी गिरावट आई है। एससी–एसटी के लिए सकारात्मक कदम के रूप में आरक्षण की व्यवस्था की गई है परन्तु इससे लाभान्वित होने वाले दलितों की संख्या बहुत कम है. भाजपा सरकार ने आर्थिक आधार पर आरक्षण देकर सरकारी नौकरियों में उनकी हिस्सेदारी और कम कर दी है. आर्थिक आधार पर आरक्षण के लिए पात्रता की शर्तें इस प्रकार निर्धारित की गई हैं कि अपेक्षाकृत समृद्ध वर्ग भी इसके लिए पात्र हो गए हैं।

पिछड़े वर्गों के मामले में 'क्रीमी लेयर' के प्रावधान के कारण उनका एक बड़ा तबका आरक्षण से वंचित हो गया है। इससे उनकी बेहतरी के लिए उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम निरर्थक सिद्ध होने की कगार पर है.

गौमांस के मुद्दे पर भाजपा के अभियान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुँचाया है. इससे किसानों और विशेषकर दलितों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है. दलितों का एक वर्ग गाय और गौमांस से जुड़े पेशों में संलग्न है. गाय के चमड़े के व्यवसाय पर पूर्ण रोक ने दलितों के आर्थिक हितों पर चोट की है. गौरक्षा के नाम पर लिंचिंग की जो घटनाएं हुई हैं उनमें से अधिकांश में पीड़ित दलित हैं. गुजरात के ऊना में सात दलितों को नंगा कर बेरहमी से पीटा जाना परंपरागत रूप से इस व्यवसाय से अपना जीवनयापन करने वाले दलितों के लिए एक चेतावनी थी।

एक ओर दलितों का सामाजिक और आर्थिक हाशियाकरण किया जा रहा है तो दूसरी ओर वोटों की खातिर उन्हें हिंदुत्व के पाले में लाने की कोशिशें भी हो रहीं हैं. भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग व अन्य सांस्कृतिक उपकरणों की मदद से दलितों, आदिवासियों और ओबीसी की बहुलता वाले क्षेत्रों में घुसपैठ कर ली है. इन इलाकों से बड़ी संख्या में भाजपा सांसद और विधायक चुने गए हैं. देश भर में दलितों के लिए 84 लोकसभा सीटें आरक्षित हैं. सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज के अनुसार सन 2014 में भाजपा ने इनमें से 40 सीटें जीतीं थीं।

संघ के अनुषांगिक संगठनों जैसे सामाजिक समरसता मंच, वनवासी कल्याण आश्रम और विश्व हिन्दू परिषद आदि ने एससी–एसटी क्षेत्रों में जड़ें जमाने में भाजपा की मदद की है. इन संगठनों ने पिछले तीन दशकों में इन इलाकों में जम कर घुसपैठ की है और राजनैतिक लाभ, विशेषकर चुनाव जीतने, के लिए दलितों और आदिवासियों को अपने साथ लेने के लिए हर संभव प्रयास करते रहे हैं।

दलित–आदिवासी इलाकों में ब्राह्मणवादी धार्मिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन समुदायों के कई नायकों जैसे सुहेल देव की छवि को मुस्लिम–विरोधी और ब्राह्मणवादी के रूप में गढ़ दिया है। भाजपा और उसके सहयोगी संगठन अम्बेडकर को अपना नायक बताते हैं परन्तु अम्बेडकर को प्रिय मूल्यों और समानता, बहुवाद और विविधता के सिद्धांतों की खिलाफत करते हैं. भाजपा कुछ ऐसे दलित नेताओं को अपने झंडे तले ले आई है जो किसी भी हालत में सत्ता में बने रहने चाहते हैं। इन नेताओं का इस्तेमाल पार्टी अपने राजनैतिक एजेंडा को लागू करने के लिए करना चाहती है। अध्येता और लेखक आनंद तेलतुम्बडे के अनुसार, रामविलास पासवान और रामदास अठावले जैसे नेता हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के हनुमान हैं। हाल में चिराग पासवान ने खुद को नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताया था। इससे इस धारणा की पुष्टि होती है।

परन्तु यह सब लम्बे समय तक चलने वाला नहीं है। दलित समुदायों के युवा धीरे–धीरे भाजपा के असली हिन्दू राष्ट्रवादी चेहरे और एजेंडे से वाकिफ हो रहे हैं। उनकी गिरती आर्थिक स्थिति से वे परेशान हैं. अपने समुदाय पर बढ़ते अत्याचारों और अपनी महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों से वे दुखी और आक्रोशित हैं. वे ब्राह्मणवादी राष्ट्रवादियों की धूर्त चालों को समझने लगे हैं। जिग्नेश मेवानी और चंद्रशेखर रावण जैसे नयी पीढ़ी के दलित नेता अम्बेडकर की हिन्दू राज के बारे में चेतावनी को याद कर रहे हैं. वे देख रहे हैं कि दलितों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो रही है और उनके हाथ में कथित सम्मान की लोलीपॉप के अलावा कुछ भी नहीं है. दमित वर्गों पर बढ़ते अत्याचार और उनका आर्थिक हाशियाकरण हमें भाजपा के असली एजेंडे से परिचित करवाता है। और वह है आबादी के एक बड़े हिस्से को दबा कर रखना। यह तो समय ही बताएगा कि दलित और अन्य वंचित वर्ग संघ परिवार के जादू से कब तक मुक्त होते हैं।

## 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा किया गया पौधारोपण

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनॉक 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन उन्नाव में आनन्द कुलकर्णी, पुलिस अधीक्षक उन्नाव एवं शशि शेखर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व अन्य उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा सभी ने एक–एक पौधे की जिम्मेदारी ली, जिससे सभी पौधों का प्रतिदिन रखरखाव किया जा सके। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करने के लिये जागरूक किया गया।



## बाइक चोरी को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने दो भाइयों को गोली मारी, बचाने पहुंचे पिता से मारपीट, तीनों गंभीर

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में जरिया थाना क्षेत्र के इंदरपुरा गांव में बाइक चोरी को लेकर हुए विवाद में लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने शनिवार सुबह गांव के बाहर क्रिकेट खेल रहे दो भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया। गोलियों की आवाज सुनकर अपने पुत्रों को बचाने पहुंचे पिता को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद सभी घायलों को राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं, जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों की नाजुक हालत को देखकर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के इंदरपुरा गांव निवासी जीतेन्द्र (22) व प्रवेश (20) पुत्र करन गांव के बाहर सुबह करीब नौ बजे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी लगभग आधा दर्जन से अधिक दबंग वहां पहुंचे और बाइक चोरी को



लेकर विवाद करने लगे उसी दौरान विवाद बढ़ने पर दबंगों ने मारपीट कर फायरिंग शुरू कर दी। जिससे प्रवेश व जीतेन्द्र को गोली लग गई। पुत्रों के साथ हुई घटना की सूचना पर उनके पिता करन पुत्र परशुराम (55) पहुंचे तो दबंगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

जिसके बाद सभी घायलों को राठ सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। जरिया एसओ राजेश वर्मा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की दो साइकिल सहित अभियुक्तगिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना आसीवन, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा दो साइकिल चोरों को चोरी की साइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।




## झण्डी चौकी के समस्त स्टाफ ने मिलकर किया। पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। शनिवार को पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर काफी जगहों पर लोगो ने पौध ारोपण किया। और वही कोतवाली निघासन की चौकी झण्डी में झण्डी चौकी इंचार्ज विनोद सिंह व समस्त स्टाफ ने मिला कर वृक्षारोपण किया। साथ इस माहमारी के दौर में ये भी जाना कि जीवन में वृक्षों का क्या महत्व है। वो तो इस दौर में सभी लोगों को समझ में आ ही गया होगा।की वृक्षों की क्या कीमत होती है।हर व्यक्ति जो इस माहमारी के दौरों से गुजर रहा था। कि हर व्यक्ति को ऑक्सीजन ही चाहिए था। पर पेड़ किसी को नहीं लगाना न पेड़ कटवाने के लिए काफी लोग खड़े हो जाते हैं। और पर पेड़ लगाने के लिए एक भी लोग आगे हाथ नहीं बढ़ाते हैं ।और अगर कुछ ने लगा भी दिये तो उसकी देख रेख कोई नही करता एक फोटो खींचा कर बस फेसबुक और वाट्सप पे डाल कर अपनी वाह वाही ले लेते है।अगर हम लोग पेड़ो को नही लगाएंगे तो आखिरकार ऑक्सीजन कहां से मिल पायेगा



।और लगाना ही नही उनको बचना भी अपना फर्ज समझे। वृक्ष ही जीवन है। ये कहावत तो पहले से ही चल रही थी। पर आज इस माहमारी ने हमे समझा भी दिया। आज जो ऑक्सीजन हमें वृक्षों से फ्री में मिलती है। वही ऑक्सीजन के लिए हमने हजारों लाखों रुपए खर्च कर दिए। उसके बावजूद भी ऑक्सीजन मिलने की कोई उम्मीद नहीं रही।काफी लोग उसी ऑक्सीजन के चलते इस दुनिया मे नही रहे। इस लिए हम सभी लोगो को ये संकल्प ले कि पेड़ो को लगाये ही न उनको बड़ा करे जिससे ऑक्सीजन की कोई समस्या न उत्पन्न हो। और हम लोग सुरक्षित जीवन जी सके। इस दौरान मौजूद रहे। दिवान ,शिव कुमार सिंह,कांस्टेबल ,धर्मेंद्र कुमार ,सन्दीप कुमार ,हरेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार।

## जहां बीमारी वही उपचार

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। शनिवार को कानपुर महानगर में जहाँ बीमार वही उपचार के लिए संकल्पित माननीय (एमएलसी) अरविंद कुमार शर्मा जी के द्वारा कोविड के रोकथाम हेतु करोना की दवाइयों और ऑक्सीजन कंटेनर कानपुर महानगर को दी गई। जहां बीमारी वहीं उपचार के तहत करोना किट दवाइयों को जिला अध्यक्ष कानपुर उत्तर सुनील बजाज जी को दी गई। और जहां बीमारी वही उपचार के अंतर्गत ऑक्सीजन कंटेनर एवं करोना की दवाइयों माननीय नीलिमा कटियार मंत्री उत्तर प्रदेश को दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिद्धार्थ यादव,बनवारी लाल तिवारी, करन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।





## बस्ती मे बैंक की खिड़की तोड़ मोडम चोरी

बस्ती, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के कठौतिया स्थित पंजाब नेश्नल बैंक की साउंडीह शाखा बभनान मे अज्ञात चोरो द्वारा खिड़की तोड़ कर उसमे लगा मोडम चोरी कर लिया गया। पुलिस सूत्रो ने यहां यहां कहा कि शाखा प्रबन्धक कौशलेन्द्र कुमार गौतम ने तहरीर देकर कहा है कि अज्ञात चोरो द्वारा बैंक की खिड़की तोड़ कर बैंक मे लगा मोडम जो नेटवर्क का कार्य करता है उसे चोरी कर लिया है। पुलिस अज्ञात चोर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# तापसी पन्नू स्टारर फिल्म हसीन दिलरुबा 2 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

तापसी पन्नू–स्टारर फिल्म हसीन दिलरुबा 2 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अभिनेत्री ने एक नए टीजर वीडियो के साथ इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। फिल्म की शूटिंग दिलरुबा के शूट रैप की घोषणा की। अपने पोस्ट में, उन्होंने दर्शकों को रानी कश्यप की भूमिका के बारे में जानकारी दी। अभिनेत्री ने फिल्म के निर्माण के दौरान गंभीर परिस्थितियों में काम करने के बारे



अक्टूबर 2020 में पूरी हुई थी। विनील मैथ्यू द्वारा निर्देशित, हसीन दिलरुबा में विक्रांत मैसी भी हैं।


हसीन दिलरुबा नाटकीय रिलीज के साथ सिनेमाघर में रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 2 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर करेंगी। तापसी पन्नू ने इस खबर की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। तापसी ने एक टीजर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ष्कहानी आशिकाना। राज कटिलाना। रुहसीन दिलरुबा जल्द आ रही है। केवल नेटफ्लिक्स पर।

अक्टूबर में, तापसी पन्नू ने हसीन में भी बात की। नोट के साथ, उन्होंने फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की, जिसमें अभिनेत्री विक्रांत मैसी और निर्देशक विनील मैथ्यू के साथ मुसकराते हुए दिखाई दे रहे हैं। विनील मैथ्यू द्वारा निर्देशित, हसीन दिलरुबा एक मर्डर मिस्ट्री है। फिल्म में विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म पहले सितंबर 2020 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन चल रहे कोरोनावायरस महामारी के कारण रिलीज की तारीख को स्थगित करना पड़ा। हसीन दिलरुबा की कहानी कनिका ढिल्लों ने लिखी है।

# आयुष्मान खुराना की को–एक्टर रिंकू सिंह निकुंभ का कोरोना से निधन, बहन ने दी जानकारी

मुंबई। 'ड्रीम गर्ल' फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ नजर आई अभिनेत्री रिंकू सिंह निकुंभ का असम के एक अस्पताल में कोविड–19 संबंधी जटिलताओं की वजह से निधन हो गया। उनकी रिश्तेदार चंदा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अभिनेत्री 35 साल की थीं। निकुंभ 25 मई को संक्रमित पाई गई थीं और शुरू में वह घर में पृथकवास में रह रही थीं लेकिन बाद में उन्हें तेजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और दो जून को उनका निधन हो गया। चंदा ने बताया, '' संक्रमित पाए जाने के बाद उसने घर में ही रहने का फैसला किया था।

25 मई से 28 मई तक उसे तेज बुखार था। इसके बाद हमने तत्काल उसे अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय लिया। उसे अगले



दिन आईसीयू में भेज दिया गया। उसने हमें बताया था कि वह काफी कमजोरी महसूस कर रही है। इसके अलावा वह अस्थमा से पीड़ित थी और सांस लेने संबंधी दिक्कतें थीं। उसका ऑक्सीजन स्तर गिर गया और दो जून को सुबह पांच बजे उसकी मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि निकुंभ ने टीके की पहली खुराक सात मई को ली थी। अभिनेत्री अंतिम बार आदर जैन की फिल्म 'हेल्लो चार्ली' में नजर आई थीं।

# राज्यों की कर्ज सीमा को बिना शर्त जीएसडीपी का पांच प्रतिशत किया जाये: पश्चिम बंगाल

कोलकाता, (वेबवार्ता)। पश्चिम बंगाल सरकार ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सुझाव दिया है कि राज्यों को वित्तीय संकट से बचाने के लिये उनकी उधार लेने की सीमा को बिना किसी शर्त के पांच प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाना चाहिये। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे एक पत्र में पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री डा. अमित मित्रा ने 28 मई को हुई जीएसटी परिषद की बैठक में कोविड–19 के इलाज में काम आने सामानों पर भारी जीएसटी के प्रस्ताव को लेकर निराशा जताई। पत्र में कहा गया है, ''आपको ज्ञात है कि पिछले साल की ही तरह इस साल भी राजस्व में भारी गिरावट आई है जिससे राज्यों की वित्तीय वहनीयता को खतरा पैदा हो गया है। हमारे मामले में हम पर दोहरी मार पड़ी है –– कोरोना वायरस की दूसरी लहर के साथ ही यास चक्रवात से भी राज्य की स्थिति बिगड़ी है।'' मित्रा ने कहा है कि अप्रैल 2020 से लेकर जनवरी 2021 तक राज्यों का माल एंव सेवा कर (जीएसटी) मुआवजा 63,000 करोड़ रुपये अनुमानित है। इसमें से पश्चिम बंगाल को 4,911 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री ने कहा, ''मौजूदा कठिन परिस्थिति और महामारी की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुये मैं आपसे एक बार फिर आग्रह करता हूं कि राज्यों की उधार सीमा को बिना किसी शर्त को लगाये सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का पांच प्रतिशत तक बढ़ा दिया जाये।

# भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक द्वारा द्वारा वृक्षारोपण कर मनाया गया पर्यावरण दिवस,

अजीजुद्दीन सिद्दीकी

मनकापुर गोंडा उत्तर प्रदेश गोंडा रू शनिवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक वा प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह वा प्रदेश महामंत्री मनीष मिश्रा बाग में आम, पीपल, पकरिया, अशोक के पेड़ लगाकर वृक्षा रोपण कार्यक्रम मनाया गया इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने कहा कि सभी देशवासियों को पर्यावरण को लेकर सजग होना पड़ेगा देश मे कोरोना बीमारी ने हम सभी को ऑक्सीजन



की कीमत का अहसास करा दिया हम सभी को भविष्य के लिए सजग रहना पड़ेगा और देश के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि पेड़ो की कटाई पर अंकुश लगाना चाहिए हर व्यक्ति को पर्यावरण दिवस पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री मनीष मिश्रा ने कहा पेड़ हमारे जीवन का आधार है इन्ही से हमको ऑक्सीजन मिलती जीवन के बचाव के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है इस मौके पर अमित कश्यप, शुभम पांडे रामायण तिवारी, प्रतीक पांडे, सीताराम यादव, हिमांशु सिंह, धनंजय तिवारी, राम गुप्ता अविनाश पांडे,आदि लोग मौजूद रहे,।

# स्थिर रहे पेट्रोल–डीजल के दाम

नयी दिल्ली, (वेबवार्ता)। पेट्रोल–डीजल के दाम में शनिवार को कोई बदलाव नहीं हुआ और ये ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर बने रहे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल की 85.66 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। गत 04 मई से अब तक 18 दिन पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाये गये हैं जबकि शेष 15 दिन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 4.36 रुपये तथा डीजल 4.93 रुपये महंगा हो चुका है। अन्य शहरों में भी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.99 रुपये प्रति लीटर बिका। कोलकाता में पेट्रोल 94.76 रुपये और डीजल 88.51 रुपये प्रति लीटर पर रहा। चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल 96.23 रुपये और एक लीटर डीजल 90.38 रुपये का मिला। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।



उन्नाव मगरवारा। मिर्जा फैक्ट्री के श्रमिक की कानपुर में हैलेट में इलाज के दौरान मौत शव गेट पर रखकर प्रदर्शनफैक्ट्री में हुआ था बीमारपरिजनों ने सदर विधायक को दी सूचनापत्नी की हालत गम्भीर हैलेट में भर्ती। अवध की आवाज

# शादी के बंधन में बंधे एक्ट्रेस यामी गौतम और आदित्य धर

मुंबई, (वेबवार्ता)। कोरोना संक्रमण के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने फैंस को चौका दिया है। दरअसल यामी गौतम ने फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक के डायरेक्टर आदित्य धर से शादी कर ली है और अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शेयर की है। इस शादी की खबर के बाद सोशल मीडिया पर यामी गौतम को दुनियाभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए दोनों ने लिखा कि 'तुम्हारी रौशनी में मैंने प्यार सीखा है। रूमी. हमारे परिवार के आशीर्वाद के साथ हमने एक इंटिमेट सेरेमनी में शादी कर ली है। प्राइवेट इंसान होने की वजह से हम दोनों ने इस खुशी भरे मौके को अपने परिवार के साथ बांटा है। हम अपने प्यार और दोस्ती के इस सफर में आपकी दुआएं और आशीर्वाद चाहेंगे। प्यार, यामी और आदित्य।

बता दें कि यामी गौतम और आदित्य धर ने फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक में साथ काम किया था। इस फिल्म में फैन्स ने दोनों के अभिनय को काफी सराहा था।



## हवाई हमले में 20 लोगों की मौत, तालिबान लड़ाकों को निशाना बनाकर किया हमला

काबुल, (वेबवार्ता)। अफगानिस्तान में सेना द्वारा दक्षिणी हेलमंद प्रांत में तालिबान लड़ाकों को निशाना बनाकर शुक्रवार को किए गए एक हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई जिनमें से कुछ नागरिक भी शामिल हैं। यह हवाई हमला एक परित्यक्त सैन्य अड्डे के भीतर किया गया। अभी हमला स्थल और मृतकों की संख्या को लेकर अलग–अलग बयान आ रहे हैं। यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी सेना और नाटो बल इस युद्धग्रस्त देश से बाहर जाने की तैयारी पूरी करने वाले हैं और ऐसी चिंताएं पैदा हो रही हैं कि अफगानिस्तान में इसके बाद फिर हिंसा का दौर शुरू हो जाएगा। सेना ने कहा कि उसने प्रांत के नाहर सराज जिले में तालिबान पर हमला किया क्योंकि ये अड्डे से हथियार और आयुध लूट रहे थे। बयान में बताया गया कि 20 तालिबान लड़ाकों की मौत हुई और कुछ नागरिक भी मारे गए हैं जो कि लूट में आतंकवादियों के साथ शामिल थे। वहीं तालिबान के प्रवक्ता जैबीहुल्ला मुजाहिद ने आरोप लगाया कि अफगान सेना ने नागरिकों पर हवाई हमले किए।

## लॉकडाउन में और छूट देने की घोषणा कर सकती है दिल्ली सरकार

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोविड–19 के मामले कम होने के मद्देनजर अगले हफ्ते से लॉकडाउन में और छूट देने की घोषणा कर सकते हैं। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। केजरीवाल शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर सकते हैं। उनके कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर से निपटने के कदमों की घोषणा करने की भी संभावना है।

एक अधिकारी ने बताया कि सरकार कोविड–19 की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार होने पर सात जून से बाजार खोलने और अन्य गतिविधियों की अनुमति दे सकती है। पिछले हफ्ते सरकार ने दिल्ली में चरणबद्ध तरीके से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू करते हुए विनिर्माण और निर्माण गतिविधियों की अनुमति दी थी। दिल्ली में लॉकडाउन 19 अप्रैल को लगाया गया था।



दिल्ली सरकार के आंकड़ों के अनुसार, शहर में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 523 नए मामले आए और 50 लोगों की मौत हो गयी जबकि संक्रमण की दर 0.68 प्रतिशत रही।

## आईजी ने शिविर कार्यालय गोंडा में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ किया वृक्षारोपण

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा आईजी देवीपाटन द्वारा दिन की शुरुआत पुलिसकर्मियों के संग योगाभ्यास कर की गयी। योगगुरु सुधांशु द्विवेदी द्वारा योग के विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी जीव पर्यावरण के लेने के लिए मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर गुरु नानक चौराहे पर एक सेवा क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईजी डॉ राकेश सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही साथ एक सेवा क्लब द्वारा आम जनमानस को विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर औषधि पौधे वितरित किए गए।एक



अनुसार अपने आप को बदल देते हैं लेकिन पृथ्वी पर मानव द्वारा पर्यावरण को अपने अनुसार बदल कर अपूर्ण क्षति की गयी। मनुष्य द्वारा वनों की कटाई,वन्यजीवों के आवासों पर अतिक्रमण, गहन कृषि और अन्य प्राकृतिक साधनों का दोहन कर आज हवा, पानी और भोजन सबको दूषित कर दिया गया और आज अपने साथ–साथ अन्य सभी जीवों के लिए संकट पैदा कर दिया। आईजी द्वारा शिविर कार्यालय में कार्यरत पुलिसकर्मियों को विश्व पर्यावरण दिवस (पीपल्स डे) के मौके पर एक–एक वृक्ष भेंट कर अपने आस–पास अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रत्येक कर्मी द्वारा कम से कम 5 पेड़ लगाने तथा उसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गयी। योगगुरु सुधांशु द्विवेदी ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के पीछे की अवधारणा पर्यावरण के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना और लोगों को यह याद दिलाना है। कि प्रकृति को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यह दिन दुनिया भर में पर्यावरण ने मानव जाति को दी गई हर चीज का सम्मान करने और स्वीकार करने और इसकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा सेवा क्लब की मुख्य संस्थापक साक्षी अरोरा ने कहा धरती का आवरण बचाएं, आओ पर्यावरण बचाएं। हरे–भरे पौधों को लगाकर, पृथ्वी को दुल्हन सा सजाएं।जहां हर प्राणी चैन से रह पाए।सभी मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाएं। एक सेवा क्लब की संगीता कलानी,नीता लालवानी, गुंजन अरोरा, दीपाली टण्डन, रेखा कालरा, शीला, अजयता अरोरा आदि उपस्थित रहीं। वहीं आयुष विभाग द्वारा भी विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ अशोक कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ शिव प्रताप वर्मा, योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी,डॉ नीतू शुक्ला, अखिलेश, ओम प्रकाश पांडे,रुद्र नारायण पांडे,अमरीश द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित समस्त आम जनमानस को आयुष काढ़ा एवं आयुष किट भी वितरित किया गया। उससे होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला गया। इस मौके पर गिरीश चन्द्र, अशोक कुशवाहा, विजय प्रताप सिंह, अमित कनौजिया ,सच्चिदा नन्द मिश्रा, दयानाथ शुक्ला, अवधेश, अखण्ड ,नित्या, पंकज, राजकुमार, रवि,खालिद , आशीष, निधि, दीपशिखा, बेनजीर, नीतू व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## एम्स दिव्यांग महासंघ ने की वैक्स, मुआवजे की मांग

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दिव्यांग महासंघ ने 18–44 आयु वर्ग के कर्मचारियों के सभी आश्रितों के लिए टीकाकरण और मुआवजे सहित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है और महामारी की दूसरी लहर के दौरान अस्पताल में सेवा के दौरान कोविड –19 के शिकार हुए लोगों के परिवारों के लिए 50 लाख रुपय की बात कही है। एम्स निदेशक को लिखे पत्र में एस.डी. एम्स में दिव्यांग महासंघ के अध्यक्ष चौहान ने कहा, जहां कर्मचारी महामारी के दौरान राष्ट्र की सेवा करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, वहीं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कुछ सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। प्राधिकरण का तत्काल ध्यान आकर्षित करने की मांग करते हुए, चौहान ने आगे कहा कि हालांकि कई कर्मचारियों को सरकार के दिशा–निदेशरें के अनुसार टीका लगाया गया है। लेकिन कई ईएचएस आश्रितों (18–44 आयु वर्ग)कर्मचारियों को पंजीकरण के लिए भीड़ और वैक्सीन की खुराक की कमी के कारण टीका नहीं मिल सका है। पत्र में कहा गया है, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि उन्हें तत्काल प्रभाव से एम्स में ही टीका लगवाएं। साथ ही कर्मचारियों को अतिरिक्त मुआवजा देने की मांग की। पत्र में कहा गया है, हम मांग करते हैं कि एम्स द्वारा विशेष बजट के तहत मृत व्यक्तियों के परिवारों को तत्काल 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए और उन्हें नौकरी देने की नीति बनाई जाए।

## सीएम योगी ने भारतीय मजदूर संघ समिट का किया उद्घाटन, कहा– मजदूरों को हितों में हो रहा काम

लखनऊ, (वेबवार्ता)। लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 35वें भारतीय मजदूर संघ समिट का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ से हमारा निरंतर संवाद है इनके सुझाव पर ही हमने प्रदेश के सभी श्रमिकों जिनके साथ कोई दुर्घटना होती है तो उनके परिवार के सदस्यों को 2 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा देने और सभी श्रमिकों को 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा कवर देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। त्रैवार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। संघ ने सदैव राष्ट्र, उद्योग और श्रमिकों के हित के बारे में अपनी मांगों को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है इसलिए भारतीय मजदूर संघ आज देश का सबसे बड़ा मजदूर संघ है।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मांखी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## बुजुर्ग के खाते से 40 हजार निकाले

गाजियाबाद, (वेबवार्ता)। कविनगर में रहने वाले एक बुजुर्ग के साथ जालसाजों ने बैंक प्रबंधक बनकर ठगी की है। आरोपियों ने बुजुर्ग को झांसे में लेकर उनका आधार नंबर और एटीएम कार्ड का डिटेल लेकर उनके खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित कृष्ण कुमार मेहंत ने बताया कि वह सेवानिवृत बुजुर्ग हैं। उनका बैंक खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। इसी साल 11 जनवरी को उनके मोबाइल पर जालसाजों ने खुद को बैंक प्रबंधक बताते हुए फोन किया और और खाते को आधार से लिंक करने के लिए पहले उनका आधार नंबर और फिर एटीएम नंबर पूछ लिया। थोड़ी ही देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से 40 हजार 395 रुपये कटने का मैसेज आ गया। उन्होंने बताया कि ठगी की जानकारी होने पर कविनगर पुलिस में शिकायत दी।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।